तापमान

अधिकतम 22.7 डिग्री
न्यूनतम 5.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार,21 दिसंबर 2023




## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमित को गिरफ्तार किया है। गांव बिहटा के गुरदीप सिंह ने 29 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28/29 अक्तूबर 2023 की रात्रि गांव बिहटा में स्थित उसके घर से किसी ने दो मोबाइल व एक लैपटॉप चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपी को काबू किया है।

### अवैध देशी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ मानू को अवैध देशी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 ने आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से अवैध पिस्तौल जब्त की।

### किशोरी से दुराचार करने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज किशोरी से दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी शिव कुमार उर्फ शिब्बू को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की माता ने 12 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बिना किसी को सूचित किए घर से कहीं चली गई है। अब तक वापिस नहीं आई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### पांच बदमाशों ने बाइक व नकदी लूटी

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना निवासी वीरेंद्र कुमार से पांच बदमाशों ने बाइक और उसका पर्स लूट लिया। पीड़ित के अनुसार पर्स में 40 हजार रुपए कैश था। वीरेंद्र, 17 दिसंबर की देर रात को पेट्रोल पंप पर अपनी बाइक में तेल डलवाकर चला था। यही से बदमाश उसके पीछे लगे और बीच रास्ते में उसके साथ वारदात की।

### पुलिस ने किशोर के पास से कट्टा बरामद किया

**पानीपत।** पानीपत में राजकीय कॉलेज हुडा सेक्टर 18 के बाहर सीआईए वन की टीम ने 16 साल के लडके को अवैध हथियार के साथ गिरफतार किया है। आरोपी के खिलाफ हुडा सेक्टर 13-17 थाना में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। वहीं पुलिस ने अवैध हथियार केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया।





# गीता महोत्सव में नजर आ रही हरियाणा की संस्कृति की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जहां गीता महोत्सव में विभिन्न राज्यों की संस्कृति लोगों को भा रही है वहीं हरियाणा की संस्कृति भी पीछे नहीं है। हरियाणा के पोशाक पयर्टकों के बीच चलन बना हुआ है। गीता महोत्सव में हर जगह हरियाणा की संस्कृति की झलक नजर आ रही हैं। हरियाणा की कला और शिल्प में नृत्य, संगीत, मिट्टी के बर्तन, कढ़ाई, पेंटिंग, बुनाई, मूर्तिकला आदि के विभिन्न रूप शामिल हैं। इसकी विशेषता बहुत लोकप्रिय ग्रामीण हस्तशिल्प है। शिल्पकारों के लिए यह आय का प्रमुख स्त्रोत होने के अलावा, ये कला रूप पर्यटकों के बीच सुपरहिट हैं। मिट्टी के बर्तनों के रंग, मिट्टी के सांचे आदि पर्यटकों को बेहद आकर्षित कर रहे हैं। गीता महोत्सव के मंच पर हरयाणवी कलाकार धोती पगड़ी, घाघरा घाघरी पहनकर अपनी प्रस्तुति दी रहे है। जिससे पयर्टक आकर्षित हो रहे हैं और गीता महोत्सव के हरियाणवी पंडाल में जमकर झूम रहे है। वही कुरुक्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में अगर ध्यान और अध्यात्म की बात की जाए तो हार्टफूलनेस सेंटर इसमें अपनी बखूबी भूमिका अदा कर रहा है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति हृदय पर केंद्रित होकर जीने की एक आध्यात्मिक शैली को अपना सकता है और इस आध्यात्मिक अभ्यास के माध्यम से गुणों और भावों को जागृत कर स्वाभाविक रूप से जीना सिखता है। संस्था से जुड़े सौरव सैनी ने बताया कि हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में हार्टफूलनेस सेंटर यह काम कर रहा है। इसमें रिलेक्सेशन, ध्यान, आंतरिक सफाई और प्रार्थना सीख कर उन्हें अपने जीवन में शामिल कर सकता है। यह अभ्यास अपने आप में अनोखे हैं जिसमें आध्यात्म की सहायता से हमारा दृष्टिकोण जीवंत होता है। हार्टफूलनेस संस्था इन क्रियाओं में सबसे पहले रिलैक्सेशन करवाती है उसके बाद ध्यान करना सिखाती है।

### मिट्टी के बर्तनों से सजा पावन तट



कुरुक्षेत्र के गांव किशनपुरा के रहने वाले पंकज प्रजापति सबके लिए स्वरोजगार प्रेरक बन रहे हैं। वे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्म सरोवर के तट पर अपने मिट्टी के बर्तनों को बेच ही नहीं रहे हैं बल्कि दूसरों को भी बिजली के चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाकर इस कला में पारखी बना रहे हैं। पंकज प्रजापति ने बताया कि मिट्टी के बर्तन बनाना उनका पुश्तैनी काम है। पंकज ने बताया कि वह पिपली के पास गांव किशनपुरा के रहने वाले हैं और विगत 6 साल से ब्रह्मसरोवर के तट पर अपने बर्तनों की प्रदर्शनी लगाकर इन्हें सेल भी कर रहे हैं। वह अपने पास मिट्टी की तस्वीरों के साथ-साथ मिट्टी के मुकोठे, तुलसी गमले, रिंग बेल फ्लावर पॉट, वॉटर बॉल इत्यादि रखे हुए हैं।

### योग के अनूठे संगम के हो रहे है दर्शन



हरियाणा योग आयोग की ओर से ब्रह्मसरोवर पर योग के साथ-साथ प्राकृतिक चिकित्सा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है और योग प्रेमी इसका भरपूर फायदा उठा रहे हैं। हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य के अनुसार हरियाणा योग आयोग की ओर से ब्रह्मसरोवर पर प्रदर्शनी लगाई गई है जिसमें पंचकर्म सहित षट्कर्म और विभिन्न क्रियाएं भी साथ-साथ में सिखाई जा रहे हैं योग साधक आकांत को को योग के अनेक टिप्स देते हुए उन्हें योग भी करवाते हैं और पंचकर्म की जो पद्धतियां हैं जिनमें शिरोधारा, जलनेति सूत्र नेति, योग आसन इत्यादि के साथ-साथ अन्य 10 सिद्धांतों के बारे में भी पूर्ण जानकारी दी जा रही है।

### फर्नीचर की हाथों-हाथ हो रही बिक्री



सहारनपुर के नक्काशीदार लकडी का फर्नीचर ब्रह्मद्धसरोवर के तट पर स्टॉल नम्बर 531 पर उपलब्ध है। इस स्टॉल के संचालक मोहम्मद अमजद ने बताया कि शीशम, नीम, आम आदि की लकड़ी पर बेहतरीन कारीगरी कर सामान तैयार किया गया है, जिसमें बैड, कुर्सिया, झूले, डायनिंग टेबल, सोफा, फ्लावर पोट, साइन टेबल आदि सामान उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011-12 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेहतरीन कारीगरी के लिए स्टेट आवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। इस स्टॉल पर लकड़ी का फर्नीचर एवं बेहतरीन कारीगरी को देखने के लिए पर्यटक आ रहे हैं और उनके द्वारा बनाए गए फर्नीचर को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई जा रही है।

### गजेंद्र फोगाट आज करेंगे लाइव शो



अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में 21 दिसंबर की शाम हरियाणवी नाईट से सजेगी। हरियाणा कला परिषद के निदेशक एवं एडीसी अखिल पिलानी ने जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणवी रॉकस्टार गजेंद्र फौगाट इस नाईट का मुख्य आकर्षण होंगे। इसके अलावा लोक गायक महावीर गुड्डू अपनी लोक गायकी का रंग भी प्रस्तुत करेंगे। सीईओ केडीबी एवं कला परिषद निदेशक अखिल पिलानी ने बताया कि खासकर युवाओं के जोश को देखते हुए हरियाणवी नाईट का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा कला परिषद काफी समय से अपनी संस्कृति व उनमें होने वाले नित नए प्रयोगों को मंच प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसी श्रृंखला में मुख्य मंच पर गजेंद्र फौगाट नाइट रखी गयी है।

### गायक विशाल ने पर्यटकों को किया भक्तिमय



आया हूं मैं भी खाटू सपने हजार लेके, मुझे पूरा है भरोसा जाऊंगा तो कुछ लेके, इस भजन के साथ प्रसिद्ध्घ भजन गायक विशाल शैली पटियाला ने बाबा खाटू श्याम की महिमा गुणगान किया। वे अन्तर्राष्टद्दरीय गीता महोत्सव में पुरूषोतमपुरा बाग में स्थित सांस्कृतिक पंडाल में आयोजित कार्यक्रमों में अपने भजनों की प्रस्तुति दे रहे थे। जिसका हमें था इंतजार,राम-सीया राम, रामजी की निकली सवारी,रामजी की लीला है न्यारी, चल खाटू नू चलिए, मेरा श्याम पुकारे, ओम नमों शिवाय, बम भोले-बम भोले यही वो तरंग है आदि भजनों के द्वारा दर्शकों एवं श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन गायक विशाल शैली पटियाला के धार्मिक भजनों पर युवा, बच्चे,महिलाएं एवं पुरूष झूमते नजर आए।

### महोत्सव में दिखा कुवि का टैलेंट



हरियाणा के कुरुक्षेत्र में गीता जयंती महोत्स का रंग जमा हुआ हैं और महोत्सव की गरिमा दिन बढ़ने के साथ-साथ और बड़ रही है। कुरूक्षेत्र में जहां देश के कोने-कोने से आये लोग अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन कर रहें हैं, वहीं कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के छात्र भी पीछे नहीं हैं। इतनी दुकानों के बीच जनसंचार और मीडिया प्रौद्योगिकी के छात्रों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। दुकान क्रमांक 620 मैं छात्रों ने प्रिंटिंग की नयी पद्धति सब्लीमेशन प्रोसेस के प्रति लोगो को जागरूक किया, जिससे अधिकतर लोग अपरिचित थे। सब्लीमेशन प्रिंटिंग प्रोसेस बाकी प्रिंटिंग की प्रोसेस से तेज और सटीक है। कुरुक्षेत्रा युनिवर्सिटी के छात्र यहाँ गीता जयंती महोत्सव मैं मग,टी-शर्ट व तकिये तथा अन्य चीजे प्रिंट कर थे हैं,जो की गीता जयंती में एक नया प्रयोग है।

### राजस्थानी लोक नृत्य ने छोड़ी छाप



ब्रह्मसरोवर के तट पर राजस्थान के लोक कलाकारों द्वारा लोक नृत्य सहरिया स्वांग नृत्य अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में छाप छोडने का काम कर रहा है। ग्रुप लीडर गोपाल धानुक के नेतृत्व में 15 सदस्यों की टीम सहरिया स्वांग नृत्य के द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। सहरिया स्वांग नृत्य में कलाकर तीन प्रकार के नृत्यों के द्वारा अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन करते हैं, जिसमें भस्मासुर स्वांग, कालिका का स्वांग व होलिका स्वांग के द्वारा अलग-अलग मुद्राओं में अपनी कला की छाप दर्शकों के मन पर छोड़ रहे हैं।

### श्लोकोच्चारण में भिवानी तो गीता संवाद में महेंद्रगढ़ ने मारी बाजी



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित गीता आधारित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल का वातावरण पूरी तरह गीतमय नजर आ रहा था। कहीं गीता के श्लोक गूंज रहे थे तो कहीं भगवान श्रीकृष्ण व अर्जुन का रूप धरे विद्यार्थियों के संवाद सुनाई दे रहे थे। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने प्रतियोगिताओं का जायजा लिया तथा विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कक्षा 6 से 8 वर्ग की प्रतियोगिताओं के अंतर्गत श्लोक उच्चारण में भिवानी जिला की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया तो गीता संवाद में महेंद्रगढ़ में बाजी मारी। प्रश्नोत्तरी में नूंह जिला के विद्यार्थी छाए। निबंध में झज्जर की टीम प्रथम रही तो पेंटिंग में रोहतक जिला। डिक्लेमेशन में अंबाला की टीम ने बाजी मारी। गीता आधारित संवाद स्पर्धा में महेंद्रगढ़ की टीम ने पहला, फतेहाबाद ने दूसरा, कुरुक्षेत्र में तीसरा और हिसार में चौथा स्थान प्राप्त किया जबकि निबंध में झज्जर जिला ने पहला फतेहाबाद ने दूसरा सोनीपत में तीसरा और जींद में चौथा स्थान प्राप्त किया।

### शिल्प कढ़ाई को लेकर गीता महोत्सव पहुंची गीता शर्मा



ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सांस्कृतिक विविधता और कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया जा रहा है। इस महोत्सव के दौरान हरियाणा के साथ साथ दूसरे प्रदेशों से आए कलाकार और शिल्पकार अपनी कला और संस्कृति को स्थाननीय लोगों तक पहुंचा रहे हैं। इसी बीच देहरादून से आई गीता शर्मा कढ़ाई के काम का आकर्षक नमूना पेश कर रही हैं। बातचीत के दौरान गीता ने बताया कि वह पिछले 20 साल से एंब्रायडरी का काम कर रही हैं और अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में वह तीसरी बार आई हैं। वह मूल रूप से जोधपुर, राजस्थान से हैं। इस काम को शुरू करने से पहले वह 10 वर्ष तक मीडिया क्षेत्र में कार्य कर चुकी हैं, जिसके बाद उन्हें लगा कि उन्हें राजस्थान से जुड़ी इस कला को आगे लेकर जाना चाहिए और तब से वह इसी कार्य में जुटी हुई हैं।

## बस ओर बुलट बाइक की टक्कर में व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हाईवे से सर्विस लेन पर एंट्री पर राधा स्वामी सत्संग के पास हरियाणा रोडवेज की बस में बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। बुधवार को सुबह हरियाणा रोडवेज सोनीपत डिपो की बस सोनीपत से चंडीगढ़ जा रही थी। हाईवे से घरौंडा एंट्री करते समय राधा स्वामी सत्संग के पास बस ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दिलबाग सिंह (45वर्ष )बुरी तरह से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ पर डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस व परिजन अस्पताल में पहुंचे। परिजनों ने बताया है कि दिलबाग सिंह किसी कार्य के लिए गांव गोंदर से घरौंडा आया हुआ था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर वारिसो को सौंप दिया।

## तहसील ऑफिस में सीएम फ्लाइंग ने की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

- चार पटवारी व चार कर्मचारी गैरहाजिर मिले
- इंतकाल व रजिस्ट्रियों से जुड़े रिकॉर्ड को जांच टीम ने कब्जे में लिया

सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को तहसील में रेड कर रिकॉर्ड की जांच की। सब इंस्पेक्टर हितेंद्र कुमार की अगुवाई में मौके पर सिंचाई विभाग के एक्सईएन रणबीर त्यागी भी बतौर ड्यूटी मजस्ट्रैट यहां मौजूद थे। इस दस्ते में शामिल सहायक उप निरीक्षक परवद्रिं सिंह , सहायक उप निरक्षिक राजबीर सिंह ने भी तहसील के पूरे रिकॉर्ड की गहनता से जांच की। जांच के दौरान नायब तहसीलदार कार्यालय में नहीं थे। निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय में कार्यरत 12 कर्मचारियों में से 6 कर्मचारी हाजिर पाए गए। एक कर्मचारी अर्जित अवकाश पर मिला। एक कर्मचारी भारत संकल्प यात्रा ड्यूटी पर तैनात था। 4 कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। जांच के दौरान मिली सूची के आधार पर यहां कुल 1772 इंतकाल लंबित पाए गए। 20 नवंबर 2023 से 20 दिसंबर 2023 तक तहसील में 462 रजसट्रियां होनी पाई गई। बुधवार को कुल 37 रजसट्रियों के आनलाईन आवेदन पाए गए। नायब तहसीलदार की कोर्ट में 228 केस लंबित पाए गए। जांच टीम ने पटवारखाने का भी औचक निरीक्षण किया। यहां 4 पटवारी गैरहाजिर पाए गए। औचक निरीक्षण के दौरान कुछ रजसट्रीयों को संदेह के आधार पर कब्जे में लिया गया। लंबित इंतकाल केसों के संबंध में नायब तहसीलदार ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि तहसील में तहसीलदार का पद खाली है। उनके पास नारायणगढ व शहजादपुर दोनों जगह का कार्यभार है। कार्य अधिक है और कर्मचारियों तथा कंप्यूटर ऑप्रेटरों की कमी है। इसी वजह से इंतकाल के केस लंबित हैं। इस संबंध में उपायुक्त को पत्र भेजा हुआ है।



रिकॉर्ड चेक करते सीएम फ्लाइंग के अधिकारी।

## पानीपत के गांव आसन में रहा भूकंप का केंद्र

**पानीपत।** पानीपत में मंगलवार की देर रात आए भूकंप आया। वहीं भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.0 मापी गई है। नेशनल सिस्मोलॉजी सेंटर (एनसीसी) के अनुसार भूकंप का केंद्र पानीपत था। स्मरणीय है कि एक माह के अंदर प्रदेश में दूसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले भी यहां भूकंप के झटके आते रहे हैं, जिनमें से ज्यादातर की तीव्रता 3.0 से 4.0 के बीच रही है। ठउर के अनुसार पानीपत रीजन में मंगलवार-बुधवार रात 12.38.07 पर भूकंप आया था। इसका केंद्र जमीन के अंदर पांच किलोमीटर गहराई में रहा। वहीं, इससे पहले सितंबर माह में 5 तारीख को एक ही दिन में दो बार भूकंप आया था। भूकंप का पहला झटका देर रात 12:27 बजे तो दूसरा झटका 1 बजकर 44 मिनट पर आ गया। यानी थोड़े से अंतराल के बाद दूसरी बार भूकंप आया। इधर, मंगलवार की रात 12:27 बजे आए भूकंप का केंद्र गांव पोलंगी रहा और इसकी तीव्रता 2.6 रही तो वहीं 01:44 पर आए भूकंप का केंद्र पानीपत का गांव आसन रहा, इस भूकंप की तीव्रता 2.7 दर्ज की गई।

**पुल की लंबाई 576 मीटर** | **पुल के दोनों तरफ सड़क बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण पर खर्च हुए 20 करोड़**

## उत्तर प्रदेश और हरियाणा को जोड़ने के लिए करोड़ों की लागत से यमुना नदी पर बना पुल एक वर्ष से जोह रहा उद्घाटन की बाट

भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के जठलाना क्षेत्र में यमुना नदी के नगली घाट पर यूपी और प्रदेश को जोड़ने वाला 576 मीटर लंबा पुल करीब एक वर्ष से अपने उद्घाटन होने की बाट जोह रहा है। पुल के निर्माण पर 84 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। जबकि भूमि अधिग्रहण और पुल के दोनों तरफ सड़क का निर्माण करने के लिए 20 करोड़ रुपये खर्च होने की बात कही जा रही है।बताया जा रहा है कि पुल को जोड़ने के लिए उसके दोनों तरफ करीब ढाई किलोमीटर का सड़क का टुकड़ा बनाया जाना है। जिसकी वजह से पुल के उद्घाटन में देरी हो रही है। वहीं, संबंधित विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मार्च 2024 तक पुल का उद्घाटन होने की संभावना है।



**यमुनानगर।** जठलाना क्षेत्र में यमुना नदी के नगली घाट पर बना नवनिर्मित पुल अपने उद्घाटन होने की बाट जोहता हुआ।

### 2019 में निर्माण कार्य का हुआ था शुभारंभ

जठलाना क्षेत्र के सैंकड़ो किसानों की यमुना नदी के उस पार यूपी सीमा में हजारों एकड़ कृषि भूमि है। किसान अपनी भूमि में खेती करने के लिए यमुना नदी के बीच से होकर आते जाते हैं। बारिश के दिनों में बाढ़ आने पर किसानों को वाया यमुनानगर व यूपी के शाहजहांपुर से होकर करीब 30 से 40 किमी का लंबा सफर तय करके अपनी भूमि में जाना पड़ता है। रादौर के पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा के प्रयासों से सरकार द्वारा यमुना नदी के नगली घाट पर पुल का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। पुल का निर्माण कार्य पूरी होने के लिए उस समय 30 जून 2021 तक की तिथि निर्धारित की गई थी। उस समय पुल के निर्माण पर 57 करोड़ रुपये खर्च किए जाने थे। मगर बीच में कोरोना की वजह से लॉकडाउन लगने से पुल का निर्माण कार्य बंद रहा।

### 2300 मीटर सड़क न बनने के कारण उद्घाटन लटका

यमुना नदी के नगली घाट पर बने पुल के दोनों तरफ 2300 मीटर सड़क बननी है। जिसमें उत्तर प्रदेश की ओर 1100 मीटर व हरियाणा की तरफ 1200 मीटर सड़क बनाई जानी है। इस सड़क के लिए किसानों से भूमि का अधिग्रहण भी किया जा चुका है। मगर सरकार की उदासीनता के चलते पुल के दोनों ओर सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो सका है।

## प्राचीन नीम के पेड़ की पेंशन की मांग

हरिभूमि न्यूज़ करनाल

- कुंजपुरा गांव के इतिहास के गवाह के रूप में विराजमान है प्राचीन नीम वृक्ष

यमुना किनारे बसे एतिहासिक गांव कुंजपुरा में रोड़ भवन परिसर स्थित प्राचीन नीम वृक्ष की पेंशन लागू करने की ग्रामीणों ने मांग उठाई है। सा मा जि क संस्था विकास क्लब कुंजपुरा के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने कहा कि प्राचीन वृक्ष की पेंशन लागू करने की राज्य सरकार की योजना है। करीब 500 वर्ष पुराना यह नीम का पेड़ कुंजपुरा गांव के इतिहास का गवाह है। बुजुर्ग बताते थे कि सन 1700 के आसपास निजावत खां को कुंजपुरा का नवाब बनाया गया था। इसी परिवार के पास ब्रिटिश शासन में भी 1947 तक नवाबी रही। रोड़ भवन में स्थित इस नीम के पेड़ से किसी भी शासन में छेड़छाड़ नहीं की गई। बुजुर्ग इस पेड़ की अच्छी परवरिश किया करते थे। वर्षों पूर्व पेड़ की सुरक्षा के लिए भवन की चारदीवारी वाली चौड़ी दीवार को उधेडक़र पतला किया गया था। सिंचाई के लिए यहां हैंडपंप भी लगाया गया था। समय-समय पर इस पेड़ के कुछ हस्सिे सूखते रहे और उनकी जगह नवनर्मिाण होता रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता राजपाल रोजड़ा व अंशुल राणा ने जिला प्रशासन से अपील है कि इस प्राचीन वृक्ष की पेंशन लागू की जाए। पर्यावरण संरक्षण में इस पेड़ का बहुत महत्व रहा है। इसकी पेंशन लागू होने पर ग्रामीणों को खुशी होगी और वे अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे।



कुंजपुरा गांव के रोड़ भवन परिसर में प्राचीन नीम वृक्ष के बारे में बताते संत प्रेमपाल सागर।

खबर संक्षेप



## कल्याण ने विस में विपक्ष पर किया तीखा पलटवार

**करनाल।** घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण ने विधानसभा सत्र में शून्य काल के दौरान बोलते हुए विपक्ष पर तीखे हमले किए । विधायक कल्याण ने कहा कि नौ वर्षों से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास किया है। उन्होंने कहा कि जब 2014 मंय मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की कमान सँभाली थी तो कांग्रेस के नेता मुख्यमंत्री को नातजुर्बेकार कहते थे जिसके जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनको सेवा का तो तजुर्बा है परन्तु भ्रष्टाचार तथा अन्य ग़लत कार्यों का बिलकुल तजुर्बा नहीं है।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में 11 का निपटारा

**करनाल।** हरियाणा शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री एवं जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष डॉ. कमल गुप्ता की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत भवन में समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मंत्री के समक्ष विभिन्नि विभागों से संबंधी कुल 15 मामले रखे गए, जिनमें 4 मामले पिछली बैठक से लंबित थे। मंत्री ने कुल मामलो में से 11 मामलो का मौके पर ही निपटारा कर दिया।

## सड़क सुरक्षा क्विज के की तैयारियां पूरी

करनाल। यातायात बारे जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा के रेंज स्तर के आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। डीएसपी यातायात सोनू नरवाल ने बताया कि *रेंज स्तर की इस प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 22 दिसंबर को टैगोर बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 06 में होगा। इस प्रतियोगिता परीक्षा में दिनाक 09 नवंबर को हुई जिला स्तर की परीक्षा में पास होने वाले कुल 36 बच्चें भाग लेंगे।

## प्लेसमेंट ड्राइव का किया गया आयोजन

**इंद्री।** रोजगार कार्यालय इंद्री में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया । जिसमें 36 प्राथिर्यों ने भाग लिया । इस अवसर पर सिक्योरिटी कंपनी सरहिंद से आए भर्ती अधिकारी संतोख सिंह ने मौके पर ही प्राथिर्यों के सिक्योरिटी गार्ड के लिए साक्षात्कार लिए । जिनमें से उनमें 29 प्राथिर्यों को शार्ट लिस्ट करके आगामी कार्रवाई के लिए चयन किया गया ।

## लोस चुनाव में सिखों को दी जाएं 2 सीटें : लाडी

**तरावड़ी।** सिख समुदाय की बैठक का आयोजन तरावड़ी अनाज मंडी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता गांव सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने की। बैठक में फैसला लिया गया कि सिख समाज के लोग उस पार्टी का पूरी तरह से समर्थन करेंगे, जो पार्टी हरियाणा प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनावों में 2 सीटें सिख समुदाय को देगी।

### अनुमानित एक दिन में पचास करोड़ का कारोबार प्रभावित

# मंडियों में नहीं बिके सब्जी और फल, हड़ताल से पसरा सन्नाटा

सरकार के फीस वापस लेने की बजाए नया नोटीफिकेशन जारी करने से रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** मंडी में पसरा सन्नाटा और हड़ताल के दौरान काम काज छोड़े बैठे व्यापारी।

प्रदेश सरकार द्वारा सब्जी मंडियों पर थोपे जा रहे मनमाने काले कानूनों के खिलाफ आज पूरे प्रदेश भर में सब्जी मंडियां बंद रहीं। प्रदेश की एक सौ तीस मंडियों में सब्जी और फलों की ना तो खरीद हुई नहीं बिक्री हुई। सुबह से ही मंडियों में ना तो किसान आए और ना ही व्यापारियों की चहल पहल दिखी। यहां तक कि चाय और नाश्ते की दुकानों पर भी ताला लटका रहा। इस हड़ताल से लग्रभग दस लाख लोग प्रभावित हुए। इस हड़ताल के कारण लगभग सौ करोड़ से अधिक का कारौबार प्रभावित हुआ। हड़ताल का आह्वान हरियाणा सब्जी मंडी संगठन ने किया था। हड़ताल को कामयाब करने के लिए सब्जी बिक्रेता, किसान मजदूर एकजुट दिखाई दिए। । पूरे प्रदेश भर में सब्जी नहीं बिकी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार मनमाने कानून बना कर उन्हें परेशान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब पूर्व वर्ती सरकार ने सब्जी मंडी को मार्केट फीस से मुक्त कर दिया था। लेकिन इस सरकार ने आते ही मार्केट फीस को लागू कर दिया। नए कानून का विरोध कर रहे हैं आढ़तीः आढ़तियों ने नए नोटिफिकेशन को काला कानून बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पचास प्रतिशत बढ़ा कर लमशम फीस एडवांस में बसूलने की बात कही हैं। यह कैसे संभव हैं। जब सब्जी फल बिकेगा ही नहीं तो फीस को केसे तय करेंगे। उन्होंने बताया कि मार्केट फीस और आरडीएफ फीस थोप दी। उस समय कहा गया कि इस फीस को वापस ले लेंगे। लेकिन तीन साल बीत गए सरकार ने फीस वापस लेने की बजाए नया नोटीफिकेशन जारी कर दिया। गत दिवस व्यापारी कल्याण बोर्ड के प्रधान बाल कृष्ण अग्रवाल के प्रयासों से सब्जी बिक्रेताओं और सरकार के बीच बातचीत का पहला चरण गत दिवस हुआ। अवतार सिंह तारी, कृष्णा सचदेवा, नरेंद्र कुमार, जितेंद्र मलिक, मोनू शर्मा,कमल ढीगड़ा, तेजेंद्र पाल सिंह ढींगडा डिम्पी,प्रमोद बजाज, राजू मदान, विजय सहगल पंचम छावड़ा, दलविंदर सिंह, मुरारी लाल, अंशिल सचदेवा, रसनीत मक्कड़, सुमित सचदेवा ने संबोधित किया।



## आढ़तियों व विक्रेताओं ने पूरा दिन हड़ताल रखी

**घरौंडा।** अपनी मांगो को लेकर फ्रूट्स व सब्जी मंडी की आढ़तियों व विक्रेताओ ने पूरा दिन हड़ताल रखी। हड़ताल होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आढ़तियों का कहना है कि सरकार ने अगर उनकी मांग को पूरा नहीं किया तो आगामी रुपरेखा तैयार कर आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को सुबह सब्जी मंडी के आढ़ती व फ्रूट्स विक्रेता सब्जी मंडी में एकत्रित हुए और रोष जताया। पूर्व प्रधान कमल शर्मा, विनोद चावला, नरेश प्रजापत, अमित राणा, जसबीर शर्मा ने बताया कि यह आदेश अगर रद नहीं हुआ तो वह आगामी 15 जनवरी से पूरा अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे।



**करनाल।** भारत को विकसित बनाने का संकल्प लेते विद्यार्थी।

## विद्यार्थियों ने लिया विकसित भारत बनाने का संकल्प

■ पं चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजन

हरिभूमि न्यूज़ करनाल

पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को विकसित भारत अभियान के तहत मास कम्युनिकेशन विभाग में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का संदेश सुनाया गया और विद्यार्थियों ने पोर्टल पर भारत को विकसित बनाने के सुझाव भी दिए।प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मास कम्युनिकेशन के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को बधाई दी। उप प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार नागिया ने विद्यार्थियों को विकसित भारत अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसकी गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर सुभाष जागलान ने बताया कि विकसित भारत अभियान के तहत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मास कम्युनिकेशन विभाग के प्रभारी डॉक्टर सुरेश कुमार दुग्गल, डॉ. अमरदीप, डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. राजेश्वर लाठर भी मौजूद रहे। पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में विकसित भारत अभियान के तहत गृह विज्ञान विभाग व महिला प्रकोष्ठ के संयोजन से कार्यक्रम का आयोजन किया।




## विकसित भारत 2047 कार्यक्रम के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**घरौंडा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा मे कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर नरेश सिंह के मार्गदर्शन और कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती अनुराधा के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत 2047 कार्यक्रम के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के द्वारा 2047 का भारत एक विकसित भारत के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम संयोजिका और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुराधा के द्वारा विकसित भारत 2047 की गतिविधियों के बारे में छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ।कार्यक्रम की सहसंयोजिका डॉ. मीनू आनंद रही जिन्होंने छात्राओं को विकसित भारत के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर नरेश सिंह ने छात्राओं को भारत को आत्मनिर्भर बनाने अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व करने और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमारी युवा शक्ति को आगे आना होगा।



**करनाल।** गर्म वस्त्र वितरित करते एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया एंड ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के सदस्य।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया ने जरूरतमंदों को बांटे स्वेटर

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया एंड ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन की और से अपना आशियाना आश्रम के जरुरतमंदो को गर्म स्वेटर बांटे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक व नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। ये प्रोजेक्ट नैशनल डायरेक्टर पंकज गर्ग ने अपने पिता पूर्ण चंद गर्ग की पुण्य स्मृति में आयोजित किया। इस अवसर पर अपना आशियाना आश्रम में रहने वालो को बिस्कुट व कोल्ड ड्रिंक भी वितरित की गई। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया भ्रष्टाचार उन्मूलन की जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृष्णा गुप्ता, सावी चौधरी, अजीत राही, पवन शर्मा, फिरदौस अली, निशि गर्ग, अर्चित गुप्ता, रेखा, सपना, सतीश मल्होत्रा, राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मुबारकाबाद-अलीपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

■ जरूरतमंद लोगों की कागजी कार्यवाही पूरी कराने में सक्षम लोग करें गरीबों की मदद : हरवद्रिं कल्याण

■ बोले- आज योजनाओं पर हो रहा है पूरी तरह अमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा हलके के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग को मिले यह सुनिश्चित करने के लिए ही विकसित भारत संकल्प यात्रा गांवों में जा रही है। ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि जो लोग सक्षम है वो योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए गरीबों, असहायों की मदद के लिए आगे आएं और कागजी कार्यवाही पूरी कराने में इनकी मदद करें ताकि इन्हें भी योजनाओं का लाभ मिल सके, यह एक पुण्य का काम होगा। विधायक हरविंद्र कल्याण आज गांव मुबारकाबाद और अलीपुर खालसा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। मुबारकाबाद में सरपंच मधु गाबा और अलीपुर खालसा में सरपंच विशाल शर्मा द्वारा उनका स्वागत किया गया। अलीपुर खालसा में ब्राह्मण सभा के प्रधान सुरेन्द्र बडौता, सज्जन अत्रि और मुबारकाबाद में सुदर्शन जुनेजा ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।



इंद्री स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय कला उत्सव में आयोजक टीम के साथ विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थी।

## खंड स्तरीय कला उत्सव में लड़कों के लोक नृत्य में इंद्री स्कूल के हर्ष ने पाया पहला स्थान

**इंद्री।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में खंड स्तरीय कला उत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से रंग जमा दिया। कार्यक्रम का आयोजन बीआरपी धर्मेन्द्र चौधरी, बीआरपी कविता कांबोज व संगीत अनुदेशक संजीव कुमार की देखरेख में किया गया। निर्णायक मंडल में हिंदी प्राध्यापक अरुण कैहरबा, सोनिया, ड्राइंग शिक्षक सुनील कुमार संगीत शिक्षका आशा रानी और राजेश कुमार ने भूमिका निभाई। लोक नृत्य में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्याना की छात्रा श्वेता ने पहला, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री की छात्रा निधि ने दूसरा और गढ़ी बीरबल स्कूल की छात्रा खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के लोक नृत्य में इंद्री स्थित स्कूल के विद्यार्थी हर्ष ने पहला स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय नृत्य में इंद्री स्कूल के विद्यार्थी धीरज ने कत्थक नृत्य पेश का खूब तालियां बटोरी और पहला स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय गायन में साहिल ने राग भीम पलासी गाया।

# बिन्द्र मान व दो अन्य ने छोड़ी आप

■ बोले : सोच समझकर उठाऐंगे अगला कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** अपने साथियों के साथ पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिन्द्र मान बल्ला।

आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बिन्द्र मान बल्ला सहित दो नेताओं ने भी पार्टी को अलविदा कह दिया है, उनके साथ ही हल्का नीलोखेड़ी से राजेन्द्र कल्याण पूजम और कुरुक्षेत्र से विक्की मचल ने भी पार्टी का साथ छोड़ दिया है। इधर बता दें कि कांग्रेस छोडऩे के बाद बिन्द्र मान बल्ला आम आदमी पार्टी का हिस्सा बने थे। लगभग डेढ़ साल पहले आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद सुशील गुप्ता ने बिन्द्र मान बल्ला को पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। 2024 के विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। बिन्द्र मान बल्ला का डेढ़ साल के भीतर ही उनका आप से मोहभंग हो गया। बिन्द्र मान अब किस पार्टी को ज्वाईन करेंगे फिलहाल इस पर सस्पेंस बरकरार है। बिन्द्र मान का कहना है कि वह सोच समझकर ही अगला कदम उठाऐंगे और अपने समर्थक, साथियों के साथ चर्चा करने के बाद ही नई पार्टी संगठन को ज्वाईन करेंगे। फिलहाल वह जनता के बीच ही रहकर समाजसेवा करते रहेंगे। लोगों की आवाज को उठाते रहेंगे। एक सवाल के जवाब में बिन्द्र मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी को उन्होंने जनता की सेवा के लिए ज्वाईन किया था, लेकिन यहां वर्करों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है और हर किसी की अपनी-अपनी महत्वकांक्षा है। इसके चलते उन्होंने पार्टी छोडऩे का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि वह निस्वार्थ भाव की राजनीति करते हुए लोगो के सुख-दुख में साझीदार बनेंगे।

## स्पेशल लोक अदालत ने 4 को अंडरगोन किया

**करनाल।** जिला कारागार करनाल में सुश्री जसबीर कौर, मुख्य दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, करनाल के द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमे 4 अंडर ट्रायल केसो का चयन किया गया जिसमें 3 केसों में 4 अंडरगोन किया। सुश्री जसबीर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल के द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जसबीर कौर ने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा' का उद्देश्य योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचानाः कश्यप

■ इंद्री के गांव छाप्पर व खानपुर में विधायक ने संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री के गांव खानपुर मे ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर सरकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के रूप में बड़ी पहल की है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। यात्रा इंद्री के गांव छाप्पर व खानपुर में पहुंची। विधायक रामकुमार कश्यप ने दोनों गांवों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक रामकुमार कश्यप ने विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित की गई स्टॉल का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि लाभार्थी एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं के समाधान व योजनाओं का लाभ मिलने से खुश नजर आ रहे हैं। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान अंतिम व वंचित व्यक्ति सरकार की 'अंत्योदय' योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। सरकार अंतिम व वंचित व्यक्तियों का सपना पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जिनके पास अपना घर नहीं है, उन्हें अपना घर मिले, इसकी चिंता भी सरकार कर रही है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अमनदीप विर्क, बीडीपीओ साहब सिंह, एसएमओ डॉ. किरण गिरधर, एसएमओ डॉ. अंजू, डॉ. शुभम गांधी आदि मौजूद रहे।

# महापौर ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ

■ वार्ड 20 में 1 करोड़ 5 लाख रुपये से होंगे 3 विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बुधवार को नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 20 में नागरिकों को करीब 1 करोड़ 5 लाख 26 हजार रुपये के तीन विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें गांव उचाना में बाबा फतेह नाथ भवन, वाल्मिक चौपाल और अम्बेडक़र भवन का निर्माण कार्य शामिल है। शुभारंभ अवसर पर वार्ड पार्षद मोनू, कार्यकारी अभियंता प्रिंयका सैनी तथा जेई रवि कुमार मौजूद रहे। विकास कार्यों की जानकारी देते महापौर ने बताया कि गांव उचाना में बाबा फतेह नाथ भवन बनाया जाएगा। इसमें 30 गुणा 50 फुट के आयताकार आकार में एक हाल का निर्माण किया जाएगा। हाल के साथ कमरा, शौचालय तथा भवन की बाउंडरी वाल भी की जाएगी। इस पर अनुमानित 30 लाख 38 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी और यह कार्य आगामी 4 माह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त उचाना में ही वाल्मिकी चौपाल का निर्माण किया जाएगा। इस भवन में 35 गुणा 60 फुट का एक बड़ा हाल बनाया जाएगा। इसमें भी हाल के साथ कमरा, शौचालय तथा चौपाल की बाउंडरी वाल बनाई जाएगी। इस पर अनुमानित 40 लाख 34 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी और इस कार्य को भी अगले 4 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। तीसरे कार्य की जानकारी देते मेयर ने बताया कि उचाना गांव में अम्बेडक़र भवन का निर्माण किया जाएगा। इस पर 34 लाख 54 हजार रुपये खर्च आने का अनुमान है।

### पधाना गांव में किसान गोष्ठी में वैज्ञानिकों ने बताए समृद्धि के मंत्र

# गेहूं का रकबा कम करके सब्जियों को दें बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




**करनाल।** पधाना गांव में आयोजित किसान गोष्ठी में विचार व्यक्त करते एचएफपीसी किसान समूह के वाइस प्रेजीडेंट डॉ. एसपी तोमर।

पधाना गांव में आयोजित किसान गोष्ठी में अनुसंधान वैज्ञानिक व कृषकों के बीच लंबी और गहन वार्ता चली। हार्टीकल्चर फार्मर्स प्रोड्यूसर समूह (एचएफपीसी) की ओर से स्मार्ट कृषि टेक्नोलॉजी द्वारा टमाटर की फसल पर कीटनाशक व उपज प्रबंधन परियोजना 2023-24 के अंतर्गत मंगलवार को यह आयोजन किया गया। भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अनुज कुमार ने फसलों के कटाई उपरांत प्रबंधन एवं विपणन पर विचार रखे। उन्होंने युवा किसानों को सलाह दी कि मोबाइल फोन के माध्यम से देश की विभिन्न मंडियों से संपर्क स्थापित करें और अपने उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त करें। देश में गेहूं का रकबा करीब 32 मिलियन हेक्टेयर है। इसे करीब पांच मिलियन हेक्टेयर कम करके सब्जियों व अन्य फसलों का उत्पादन लिया जा सकता है। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राजकुमार ने भी विचार व्यक्त किए। महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय अंजनथली करनाल के डायरेक्टर रिसर्च डॉ. रमेश गोयल ने मानव आहार में टमाटर की भूमिका एवं टमाटर का भंडारण विषय पर विचार रखे। डॉ. पंकज व डॉ. प्रद्युम्मन ने टमाटर की फसल का उत्पादन व कीट नियंत्रण के बारे में जैविक विधियां बताई। नाबार्ड रिजनल कार्यालय चंडीगढ़ से महाप्रबंधक डॉ. वीके आर्य ने कहा कि किसानों की खुशहाली के लिए वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन जरूरी है।नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक कुशलदीप ने कृषक एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नाबार्ड का योगदान विषय पर विचार रखे। एचएफपीसी के चेयरमैन डॉ. डीएस मलिक व वाइस चेयरमैन डॉ. एसपी तोमर ने अतिथियों व किसानों का स्वागत किया। भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सत्यवीर सिंह ने किसानों व ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर निफको के निदेशक डॉ. सरदार सिंह, प्रगतिशील किसान रणदीप मान व अन्य किसान मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**पानीपत।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन हेड ऑफिस हिसार ने पानीपत थर्मल के गेट पर दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता यूनिट प्रधान रणवीर रोड़ ने की। प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों ने चीफ इंजीनियर के माध्यम से एमडी डीएचबीवीएन व यूएचबीवीएन के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। प्रदर्शन में यूनियन के राज्य सचिव मनीष मलिक, सर्कल सचिव अमरीश, दीवान यादव, जय भगवान, चांद राम, विकास यादव, वतन कुमार व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भारत तरक्की की राह पर: नांगरू

**पानीपत।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कवि व नारा गांव में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनो कार्यक्रमों में मुख्यअतिथि नगर पार्षद लोकेश नांगरू रहे। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो सम्मान शहीदों के परिजनों को मोदी सरकार ने दिलाया है इससे पूर्व किसी भी सरकार ने नहीं दिलाया। उनके नेतृत्व में देश मजबूत बना है और ऊंचाइयों को छू रहा है। देश की महिलाओ को उज्ज्वला जैसी योजना का लाभ दिया जा रहा है।

### डॉ. मोहिनी को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** दुनिया भर में चल रहे विभिन्न शांति आंदोलनों की संरक्षक व राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. मोहिनी गिरि के निधन पर माता सीता रानी सेवा संस्था द्वारा संचालित हाली अपना स्कूल में श्रद्धांजलि सभा हुई। इस अवसर पर स्कूल की मुख्य अध्यापिका प्रिया लूथरा, संस्था की महासचिव पूजा सैनी, परामर्शदात्री रेहाना खान, सुनीता आनंद, रोजी चावला, सोनिया, सोनी, आरती, रोशनी, श्रुति आदि उपस्थित रहे।

### धोखाधडी का आरोपी पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने गांव जौरासी खालसा निवासी नरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश के साथ बैंक चेक में कटिंग कर खाते से ज्यादा राशि निकलवाकर हड़पने के मामले में नामजद आरोपी रविंद्र पुत्र शमशेर निवासी गांव जौरससी सर्फ खास को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नरेंद्र के साथ धोखाधडी कर साढे सात लाख रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने हरियाणा गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### पुलिस ने कार चोर को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने कार चोरी में शामिल दूसरे आरोपी दीपक निवासी गांव बेगमपुर जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर ने बताया कि कार चोरी के इस केस में आरोपी राहुल निवासी हनुमान कॉलोनी, पानीपत को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है।

### जानलेवा हमले का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना बापौली पुलिस ने गांव गोयला खुर्द में खेत से घर लौट रहे नितिन पुत्र मदनपाल पर जानलेवा हमला करने के मामले में नामजद आरोपी सनसपाल पुत्र मेघराज निवासी गांव गोयला खुर्द जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। थाना बापौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर अतर सिंह ने बताया कि इस मामले में नितिन के भाई प्रदीप की शिकायत पर केस दर्ज है।

---

### अनुसूचित जाति सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ लें : डॉ. कुलदीप

# स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनें अनुसूचित जाति के विद्यार्थी

कार्यशाला में लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



पानीपत। एसडी कॉलेज में दलित विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन करते हुए प्रशिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र उझा द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक कल्याण योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों को दूध, फल, सब्जियों और बेकरी पदार्थों के बनाने और इन्हें विक्रय करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने करते हुए कहा कि दलित वर्ग स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें।

कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक डॉ. कुलदीप डूडी डीईएस एनीमल, डॉ. सुनील सांगवान डीईएस सोइल साइंस और प्रो संजय चोपड़ा ने कार्यशाला में सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक कल्याण की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। बेकरी और अन्य प्रोडक्ट्स को बनाने और इन्हें विक्रय करने बारे व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रो तन्नू मेहता, गृह विज्ञान विभाग ने दिया जिसमें उन्होनें विशेष तौर पर फलों, सब्जियों और दूध से बनने वाले प्रोडक्ट्स को सिखाया। कार्यशाला में लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वहीं, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि छात्राओं को चाहिए की मनुष्य को जीवन में दूसरों पर आश्रित न होकर आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनना चाहिए। आत्म-सहायता ही हमारे जीवन का मूल सिद्धांत, मूल आदर्श एवं मूल-मन्त्र होना चाहिए। आत्मविश्वासी व्यक्ति वीर और संकल्पी होता है। वह बाहरी सहायता पर विश्वास नही करता बल्कि मुसीबतों से संघर्ष करता है तथा हर पग पर नए अनुभव प्राप्त करता है। ऐसा व्यक्ति ही दया, आदर और प्रशंसा का अभिप्राय माना जाता है। हरियाणा सरकार अपनी योजनाओं से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए विभिन्न सामाजिक कल्याण की योजनाओं को चला रही है जिसका लाभ अनुसूचित जाति और जनजाति को अवश्य लेना चाहिए।

# पानीपत में भव्य होगा गीता महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ 21 दिसम्बर वीरवार को प्रातः 10 .30 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिला में होने वाले स्तरीय गीता महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 21 दिसम्बर वीरवार को प्रातः 10.30 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा हैदराबादी राम लीला ग्राउंड, सनोली रोड़ एवं मुलतान भवन मॉडल टाउन से चलकर दोनों यात्राएं मिलकर इन्सार बाजार होते हुए देवी मन्दिर तक जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि शोभा यात्रा के समापन पर पूज्य महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द का आशीर्वचन मिलेगा। उन्होंने बताया कि 22 दिसम्बर शुक्रवार को आर्य कॉलेज पानीपत में प्रातः 9 बजे हवन यज्ञ के साथ गीता महोत्सव की शुरूआत की जाएगी। इसके बाद प्रदर्शनी का शुभारम्भ भी किया जाएगा व रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रातः 11 बजे जिला कारागार में गीता पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की जाएगी और साथ ही आर्य कॉलेज के मैदान में भी 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दोपहर पूर्व 3 बजे आर्य कॉलेज सभागार में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। 23 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे आर्य कॉलेज में प्रदर्शनी व प्रातः 11 बजे एक मिनट एक साथ गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 11 बजकर 5 मिनट से स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे गीता श्लोक उच्चारण किया जाएगा। दोपहर 12:30 बजे आर्य कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 23 दिसम्बर को ही दोपहर 2.30 बजे आर्य कॉलेज में आरती और समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा सायं 5 बजे देवी मन्दिर पानीपत, तिरखु तीर्थ स्थल पाथरी और श्री श्याम बाबा धाम चुलकाना में दीप दान किया जाएगा।

### प्रदूषित पदार्थ बिक्री की शिकायत

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी क्रप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने सीएम विंडों पर दी एक शिकायत में पानीपत के सिवाह गांव में बने नए बस स्टैंड पर चल रही दुकानों में घटिया खाद्य सामग्री व नकली पेय पदार्थ बेचे जाने का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाही की मांग की है। शिकायत में सीएम मनोहर लाल से मांग की गई है कि यहां पर यात्रियों के स्वास्थ्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है।

### *आधार कार्ड अपडेट करें*

***पानीपत।** यूआईडीएआई की डीडीजी भावना गर्ग ने पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के साथ चर्चा कर जिले में आधार परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर आधार के उपयोग और भारत सरकार के नवीनतम दिशानिर्देशों पर भी चर्चा की गई। भावना गर्ग ने बताया कि सरकार ने निवासियों के नवीनतम पहचान प्रमाण (पीओआई) और पते के प्रमाण को अपडेट करके उनके आधार को मजबूत करने की कवायद शुरू की है। (पीओए) दस्तावेज, यदि उन्होंने 2015 से पहले आधार के लिए नामांकन किया था और इसे एक बार भी अपडेट नहीं किया है।*

# विद्यार्थियों ने नशा नहीं करने की ली शपथ

■ नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में 748 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** राजकीय स्कूल, उझा में नशे के विरुद्ध शपथ लेते हुए विद्यार्थी।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक वर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उझा में एक दिवसीय 49 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाया। कार्यक्रम में 748 विद्यार्थियों ने भाग लिया और नशे की लत से दूर रहने का संकल्प लिया। डॉ. अशोक वर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों के साथ वातार्लाप के माध्यम से तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वाद-विवाद के रूप में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, साइबर अपराध से बचने के उपाय और सबसे महत्वपूर्ण नशा जीवन की करता दुर्दशा पर चर्चा की और सिद्ध किया कि एक जागरूक नागरिक के लिए इन तीनों महत्वपूर्ण बातों को लेकर जागरूक होना अति आवश्यक है। नशे के कारण, निवारण और समाधान पर चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि विधि अनुसार प्रतिबंधित नशा रखना, सेवन करना, क्रय विक्रय करना, उत्पादन करना और ऐसे कार्य में किसी की सहायता करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित एवं दंडनीय है। अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हृदय पर हाथ रहकर शपथ ली कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। यदि कोई नशे का कारोबार करता है तो इसकी सूचना 9050891508 पर देंगे।

# एमडी पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया

■ बच्चों को साहब जादो की शहादत पर फिल्म दिखाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** एमडी स्कूल में वीर बाल दिवस मनाते हुए विद्यार्थी, टीचर आदि।

एमडी पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को साहब जादो की शहादत पर फिल्म दिखाई गई। वह उन्हें उनके द्वारा दी गई शहादत से अवगत कराया गया तत्पश्चात बच्चों को गतका कार्यक्रम दिखाया गया। जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया व जोश से भर उठे। कार्यक्रम के आयोजन के पीछे विद्यालय का उद्देश्य पश्चिमी सभ्यता को त्याग कर नई पीढ़ी को अपनी विरासत व इतिहास से अवगत कराना था। श्री गुरु ग्रंथ साहिब, सेवक जत्था समिति पानीपत के सहयोग से मानवता की रक्षा हेतु अपने प्राण न्यौछावर करने वाले धन धन साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की लसानी शहादत को समर्पित धार्मिक फिल्म बच्चों को दिखाई गई। स्कूल चेयर पर्सन व प्रिंसिपल कुसुम धीमान द्वारा इस अवसर पर बच्चों को संदेश देते हुए बताया गया कि बच्चे ही राष्ट्र के निमार्ता है अतः उन्हें इतिहास से अवगत कराना विद्यालय का प्रथम कर्तव्य है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु विद्यालय में क्रिसमस ना मना कर वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के आयोजन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा जत्था समिति व श्री महावीर दल संस्था का का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा समिति से कुलवंत सिंह, ध्यान सिंह, निर्मल सिंह, सरबजीत सिंह, कंवलजीत सिंह, परमजीत सिंह, हरविन्द्र सिंह, राजिंदर सिंह व श्री महावीर दल संस्था से संस्था प्रधान हेमंत लखिना, प्रधान पंकज सेठी कैलाश, अनिता खुराना, ज्योति ग्रोवर, कमलजीत, मनजीत, लीना, चांदनी, अर्चना भावना, वनिता सुमन, अमृत सिमर, जॉनी शर्मा इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा।

# एक करोड़ श्रद्धालु एक साथ करेंगे गीता पाठ

■ मंडलेश्वर गीतामयी श्री स्वामी ज्ञानानंदजी ने संबोधि किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** गीता वितरण केंद्र का शुभारंभ करते हुए स्वामी ज्ञानानंद महाराज ।

पानीपत का हर नागरिक एक साथ गीता का पाठ करेगा यह घोषणा महा मंडलेश्वर गीतामयी श्री स्वामी ज्ञानानंदजी ने पानीपत में गीता श्लोक वितरण केंद्र के शुभारंभ पर कहे। सबको रोशनी फाउंडेशन, वृंदावन ट्रस्ट, जिओ गीता द्वारा संयुक्त रूप से हरियाणा राज्य परिवहन के सहयोग से गीता वितरण केंद्र की स्थापना पानीपत के नए बस अड्डे पर की गई है। वहीं, स्वामी ज्ञानानंद ने कहा की कुरुक्षेत्र एवं निकटवर्ती क्षेत्र गीता की जन्म भूमि है। आज देश व विदेश में यही भूमि गीता का संदेश को अग्रसारित करेगी। उन्होंने घोषणा की करीब एक करोड़ लोग 23 दिसंबर को एक साथ सुबह 11 गीता पाठ करेंगे। विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से सबको सुबह 11 बजे एकत्रित किया जाएगा। पानीपत के सामान्य बस अड्डे पर इस केंद्र पर भी गीता श्लोक का सामूहिक पाठ रोडवेज महाप्रबंधक कुलदीप जांगड़ा के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। सबको रोशनी फाउंडेशन के प्रधान सतबीर गोयल व वृंदावन ट्रस्ट के प्रधान राकेश बंसल ने कहा की 5056 गीता श्लोक वितरित किए जाएंगे क्योंकि यह वर्ष 5056 भी गीता जयंती मनाई है। इस अवसर पर सुनील तुली, अंकुश बंसल, हरीश बंसल, सुमित वधवा, कृष्ण कुमार व पानीपत बस डिपो के कर्मचारी आदि मौजूद थे।

# फेविकोल चैंपियन क्लब के सदस्यों ने राजकीय स्कूल में श्रमदान किया

■ फेविकोल चैंपियन क्लब के सदस्यों ने श्रमदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** श्रमदान करते हुए फेविकोल चैम्पियन क्लब के सदस्य।

गांव अजीजुलपुर स्थित राजकीय माध्यमिक स्कूल में फेविकोल चैंपियन क्लब पानीपत के सदस्यों द्वारा श्रमदान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के ठेकेदारों द्वारा स्कूल के बैंच, खिडकी व दरवाजों की रिपयेरिंग की गई। इनमें जो सामान लगा वह भी फेविकोल चैंपियन क्लब की तरफ से लगाया गया। इस अवसर पर सुलभ भाटिया, क्लब के सदस्य राजकुमार पांचाल, सूरज, अनमल शर्मा, निशांत शर्मा, इंतजार, तोहिद, अजय, कर्मबीर, सुखविंद्र सिंह, राहुल, रामलाल धीमान, श्यामलाल धीमान, हरदीप सिंह, मोहन लाल, जावेद , बलबीर सिंह, शईद अहमद, स.जयमल सिंह व कृपाल सिंह आदि ने स्वयं स्कूल में रिपेयरिंग का कार्य किया। स्कूल के मुख्याध्यापक रामकरण ने इस कार्य के लिए फेविकोल चैंपियन क्लब पानीपत का धन्यवाद किया। वहीं क्लब के सदस्य स.जयमल का जन्मदिन भी स्कूल में ही धूमधाम से मनाया गया।

# जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल भेंट की

■ साइकिल मिलने से छात्राओं को आने-जाने में सुविधा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। लायंस क्लब के पदाधिकारीगण छात्राओं को साइकिल भेंट करते हुए।

लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा हरि सिंह कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में छह जरूरतमंद बेटियों को साइकिल वितरित की। लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के पूर्व गवर्नर विनय गर्ग, प्रधान पवन ढींगरा, सचिव रविंद्र जैन ने इन स्कूलों में पढने वाली जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल प्रदान की। चेतना परिवार के संस्थापक दीपचंद निमोर्ही ने बताया कि यह बालिकाएं दूरदराज कॉलोनी से अपने स्कूल में पैदल पहुंचती थी। अब साइकिल मिल जाने से उनको आने-जाने में सुविधा मिलेगी। लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह बहुत ही पुण्य का कार्य है। लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के पूर्व गवर्नर विनय गर्ग ने कहा की लायंस क्लब का मकसद हर जरूरतमंद की मदद करने के लिए उसके पास पहुंचना है। इसी उद्देश्य को लेकर के लायंस क्लब के पदाधिकारी आए दिन कोई ना कोई सेवा का कार्य करने में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार पांचाल, बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के पंच प्रण से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र को गैस कनेक्शन भेंट करते हुए भाजपा नेता संजय छोकर।

भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य संजय छोक्कर ने गांव देहरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित जन समूह को संकल्प शपथ दिलवाई और संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में सरकार का उद्देश्य 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में दिए गए पंच प्रण ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे। पंच प्रण यानी गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत का सम्मान, महापुरुषों, लोक कलाओं-परम्पराओं पर गौरव, एकता का संकल्प और नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन। देश की 140 करोड़ आबादी अगर पंच प्रण के अनुरूप राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करे तो हमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता।

# इंसान की तरक्की में बाधा नहीं दिव्यांगता : राजीव

■ बच्चों ने देशभक्ति के गीत गाकर एवं नृत्य करके सभी का मन मोह लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** विद्यालय के प्राचार्य शिक्षाविद् राजीव परूथी को सम्मानित करते हुए।

राजकीय अंध विद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग द्वारा एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाकर सम्मानित किया। इस मौके पर बच्चों ने देशभक्ति के गीत गाकर एवं नृत्य करके सभी का मन मोह लिया। राजीव परुथी ने कहा यह बहुत ही आश्चर्य जनक दृश्य था जो बच्चे देख नहीं सकते वो जिस तरीके से मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं वह बहुत ही काबिले तारीफ है। वहीं दिव्यांगता इंसान की तरक्की में बाधा नहीं है, शिक्षा, मजबूत इच्छा शक्ति व अनुशासन के बल पर दिव्यांगों ने भी उच्च पदों को सुशोभित किया है। जबकि प्रधानाचार्य मनीष गर्ग ने राजीव परुथी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राजू डावर ने कहा कि बच्चों का हौंसला देखकर बहुत कुछ सीखने को मिला तथा यह संदेश भी मिला कि हमें कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। जीवन में रोशनी आंखों की न होने के बाद भी उनके चेहरे पर मुस्कान है। इस मौके पर रचित जग्गा, आशु टुटेजा, रजनीश बेदी आदि मौजूद रहे।

# खिलौना बनाने में विकास कृष्णपुरा प्रथम

■ पानीपत जिलास्तरीय कला उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। राजकीय स्कूल, नांगल खेड़ी में विजेता विद्यार्थी अतिथियों के साथ।

समग्र शिक्षा पानीपत द्वारा जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल गांव नांगलखेड़ी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परियोजना संयोजक राकेश बूरा ने की। प्रतियोगिता नोडल इंचार्ज रमेश चहल की देखरेख में हुई। दृश्य कला टुडी में आर्यन निजामपुर प्रथम, सर्फ़राज नांगलखेड़ी द्वितीय, लक्की आरोही स्कूल तृतीय रहे। थ्री डी पेंटिंग में शिवम कृष्णपुरा प्रथम, मनीष धर्मगढ़ द्वितीय, अरुण नांगल खेड़ी तृतीय रहे। खिलौना बनाने में विकास कृष्णपुरा प्रथम, नमन नौल्था द्वितीय व वंशु नौल्था तृतीय रहे। नृत्य में गुरप्रीत नूरवाला प्रथम रहे। लड़कियों में पेंटिंग टु डी में सोनी कृष्णपुरा प्रथम, मोनिका मॉडल टाउन द्वितीय, हरनाम कौर काबडी तृतीय रहे। थ्री डी पेंटिंग में वंशिका शिव नगर प्रथम, सोनी कृष्णपुरा द्वितीय रहे। खिलौना बनाने में गुलनाज शिव नगर प्रथम, पूजा शेरा स्कूल द्वितीय, राधिका बापौली तृतीय रहे। लोक नृत्य में खुशबू मॉडल संस्कृति स्कूल प्रथम, सोनिया सनौली खुर्द द्वितीय, सबीना शेरा तृतीय रहे। लड़कों के वर्ग में अनीश कारद प्रथम, सागर नारा स्कूल द्वितीय व गुरप्रीत नूरवाला स्कूल तृतीय रहे। क्लासिकल नृत्य में प्रणिता मॉडल संस्कृति स्कूल प्रथम, कशिश किवाना द्वितीय व नीतू भंडारी स्कूल तृतीय रहे। लड़कों में वंश आरोही स्कूल छाजपुर प्रथम, अमन सिठाना स्कूल द्वितीय रहे। लोक संगीत में शिवानी काबडी प्रथम, काजल बबैल, खुशबू नांगलखेड़ी तृतीय रहे।

## खबर संक्षेप

### अपराध के खिलाफ छात्रों को दिलवाई शपथ

**नारायणगढ़।** डीएवी स्कूल में बाल विवाह के विरूद्ध छात्रों को जागरूक किया । स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की , जिसमें छात्रों को बाल विवाह और बाल तस्करी के प्रति जागरूकता करने के लिए विशेष अभियान चलाया । प्रधानाचार्य डॉ. आरपी राठी की अध्यक्षता में प्रार्थना सभा में चाइल्ड हेल्पलाइन के सिंह और अनमोल ने छात्रों को बाल विवाह व तस्करी के विरोध में शपथ दिलवाई।

### चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी बद्रिं व जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। गांव मुजफरा के सुखबीर सिंह ने 5 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके खेत में लगे ट्यूबवेल की तारें चोरी कर ली हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### विकसित भारत का संकल्प लिया

**नारायणगढ़।** जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है। आजादी के जब 100 वर्ष पूरे होंगे तो हम भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो यह सपना संजोया है। राणा बुधवार को गांव हैड़बॉन व बख्तुआ में विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के दृष्टिगत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**नारायणगढ़।** राजकीय माध्यमिक स्कूल खानपुर राजपूतान में मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। छात्रा मेघा ने वज्ञिान प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम व सानिया ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया था। छात्र दिवांशु ने रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में सीआरसी स्तर पर व ब्लॉक स्तर पर भाग लिया। सरपंच अमरजीत कौर ने उपरोक्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया व सभी बच्चों को मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

### अवैध असलहा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए हैं। सिविल लाइन थाना पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि हैबतपुर रोड पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने का इंतजार कर रहा है।

### रबी फसलों का पंजीकरण 31 तक

**कैथल।** विभाग द्वारा मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल चलाया जा रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. महावीर सिंह ने बताया रबी फसलों का पंजीकरण 31 दिसंबर तक पोर्टल पर जरूर करवाएं, ताकि उन्हें अपनी फसल मंडी में बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### डीजल चोरी कर भाग रहे चोर गाड़ी को छोड़ फरार

**जींद।** गांव संडील में चोर रात को गाड़ी से डीजल चोरी कर भाग रहे थे कि चोरों की गाड़ी कीचड़ में फंस गई। चोर गाड़ी को छोड़ कर फरार हो गए। गाड़ी मालिक की शिकायत पर अलेवा थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव संडील निवासी बिजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दोनों गाड़ी बाहर खड़ी थी।

### सौलर प्लांट पर दिया जा रहा 75 प्रतिशत अनुदान

**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग हरियाणा द्वारा 1 से 10 किलोवाट क्षमता के हाइब्रिड (बैटरी बैंक के साथ) सोलर पॉवर प्लांट का रेट कॉन्ट्रैक्ट किया गया है तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत अनुसूचित एंव पिछडे.वर्ग की धर्मशालाएं जोकि पंजीकृत हैं, सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए पात्र हैं। सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए 75 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

# जनता की शिकायतें मिलने पर करनाल एसपी की कार्यप्रणाली से गृहमंत्री नाराज

- करनाल से आए कई फरियादियों ने केस दर्ज नहीं होने व दर्ज मामलों में कार्रवाई नहीं होने की विज से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बुधवार अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर उन पर कार्रवाई के निर्देश दिए। करनाल से कई फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे जिनका आरोप था कि पुलिस मामलों में कार्रवाई नहीं कर रही है। विज ने इससे खफा होकर मौके पर ही प्रदेश के डीजीपी को फोन कर करनाल में व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वह लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनके द्वारा जो शिकायतें भेजी जाए उनका डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में निपटान किया जाए। करनाल एसपी को भी अलग-अलग मामलों को लेकर फोन लगाए और मामला दर्ज करने या कार्रवाई में देरी करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री के आवास पर करनाल से आई महिला ने बताया कि उसके बेटे की कुछ माह पूर्व हत्या कर दी गई थी लेकिन इस मामले में पुलिस ने अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। इसी तरह करनाल से आए व्यक्ति ने बताया कि मारपीट मामले में उसने छह बार अलग-अलग दिनों में शिकायत की और इसके रसीदें भी उसके पास हैं। मंत्री ने एसपी करनाल को फोन कर केस दर्ज करने में हुई देरी का जवाब मांगा। साथ ही केस दर्ज नहीं करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के



अंबाला। गृहमंत्री आवास के बाहर लगी लोगों की लाइनें। फोटो : हरिभूमि

निर्देश दिए। इसी तरह करनाल से फरियादी ने बताया कि वाहन की खरीद-फरोख्त में झूठे दस्तावेज लगाकर ठगी की गई है। इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बावजूद कार्रवाई नहीं की। इस मामले में भी एसपी करनाल को कार्रवाई के निर्देश दिए व जांच में देरी करने वालों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए। करनाल में दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर भी एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।फतेहाबाद से आए फरियादी ने शिकायत देते हुए बताया कि जमीन में फर्जी दस्तावेजों के सहारे उसके साथ जमीनी धोखाधड़ी की गई है और बैंक से भी 28 लाख रुपए फर्जी दस्तावेजों के सहारे निकलवाए गए हैं। इस मामले की जांच के लिए एसपी को एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए। विज के पास अम्बाला शहर से आई नन्हीं बच्ची ने कहा कि उनकी नानी घर में ही नशीले पदार्थ बेचती है। बच्ची के साथ आए उसके परिवार सदस्यों ने बताया कि वह सभी इस मामले को लेकर परेशान हैं। बच्ची पर बुरा असर पड़ रहा है। संबंधित थाना पुलिस को मौके पर छापामार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सोनीपत से आई महिला ने शिकायत देते हुए बताया कि उसे पति व अन्य लोगों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उसके साथ मारपीट गई व गत दिनों उसके अपहरण का प्रयास भी किया गया जिसमें उसका पति व अन्य शामिल थे। इस मामले में एसआईटी गठित कर सोनीपत एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह नूंह से आए फरियादी ने मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी, पलवल से आई महिला ने हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने, रोहतक के व्यक्ति ने उसे फर्जी केस में फंसाने का आरोप लगाया, यमुनानगर के व्यक्ति ने ट्रक खरीदने के नाम पर ठगी का आरोप लगाया जबकि अन्य कई मामले सामने आई शिकायतों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### दुकानें बंद कर सरकार के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन

# बढ़ी मार्केट फीस के विरोध में उतरे सब्जी मंडी के कारोबारी

- ज्ञापन सौंपकर तुरंत बढ़ी फीस वापस लेने की मांग, हड़ताल की वजह से मंडी में नहीं हो पाया कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला/नारायणगढ़

राज्य सरकार द्वारा सब्जियों पर तय की गई मार्केट फीस के विरोध में आढ़तियों ने दुकानें बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया। आढ़तियों का आरोप है कि सरकार ने मार्केट फीस में भारी वृद्धि कर उनसे रोजगार छीनने का प्रयास कर रही है। आढ़तियों ने कहा कि जब तक सरकार बढ़ी फीस के फरमान को वापिस नहीं लेती तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। अंबाला शहर के साथ छावनी व जिले की सभी सब्जी मंडियों में सरकार के खिलाफ आढ़तियों ने विरोध का बिगुल बजाया। सुबह से ही सब्जी मंडी के आढ़ती सरकार की ओर से बढ़ाई गई मार्केट फीस के विरोध में एकजुट हो गए थे। इसके बाद दुकानें बंद कर आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी है। आढ़तियों ने सरकार से सब्जियों पर मार्केट फीस में की गई भारी वृद्धि को तुरंत प्रभाव से वापिस लेने की मांग की। इसके बाद सभी आढ़तियों ने प्रधान प्रवीण सहगल की अगुवाई में मार्केट कमेटी के कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव अखिलेश शर्मा से मुलाकात की। उन्हें मुख्य प्रशासक कृषि विपणन मार्केटिंग बोर्ड पंचकूला के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार द्वारा सब्जियों पर एकमुश्त फीस लागू करने का जो फैसला लिया गया है, उसका सब्जी मंडी एसोसिएशन पूरी तरह से विरोध करती है। इसी विरोधस्वरूप बुधवार को सभी मंडी का कार्य भी बंद रखा गया है। उन्होंने मुख्य प्रशासक से यह मांग की कि हर प्रकार की फल व सब्जियों पर हर तरह से लगाई गई फीस को पूर्ण रूप से माफ किया जाए। मौके पर मंडी उ\पप्रधान अमित वालिया, महासचिव दीपक बिंदल सहित अशोक मोंगा, शैंकी मयूर, बद्रि दीवान, कुणाल साहनी, पवन कुमार उर्फ पम्मी, पूर्व चेयरमैन सरवन कुमार, निपुण डांग तथा भोला पहलवान भी उपस्थित रहे।




अंबाला। सब्जी मंडी के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करते सब्जी मंडी के आढ़ती व खाली पड़ी अंबाला शहर की सब्जी मंडी। फोटो : हरिभूमि



अंबाला। वीडियो कांफ्रेंसिंग में अपनी बात रखते स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

# श्वसन संक्रमण के मरीजों के होंगे आरटीपीसीआर टेस्ट

- गृह एवं स्वास्थ मंत्री अनिल विज बोले प्रदेश में कोविड-19 से सुरक्षा उपायों को लेकर हुई मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में अभी कोई कोविड केस नहीं है। उन्होंने कहा कि हम आईएलआई और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) के केसों का आरटीपीसीआर टेस्ट करवाएंगे। । विज बुधवार को कोविड-19 के मामलों में वृद्धि व कोविड-19 के जेएन.1 वेरिएंट के पहले मामले का पता चलने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया तथा अन्य राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों एवं सचिवों के साथ सुरक्षा उपायों पर आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि आईएलआई लक्षण और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) केसों में आरटीपीसीआर टेस्ट जरूरी होने चाहिए। कोविड-19 को नोटिफाई बीमारी घोषित करना चाहिए ताकि निजी अस्पतालों में कोई केस आए तो वह सीएमओ व सरकारी अस्पतालों को जानकारियां दें। उन्होंने कहा कि इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) मामलों की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है, ताकि ऐसे मामलों की शुरुआती बढ़ती प्रवृत्ति का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमने मॉकड्रिल की है और हमारी सारी तैयारी है। हरियाणा में 238 पीएसए प्लांट चालू हालत में है। यह बीमारी इसी रूप से आ रही है जैसे पहले आई थी और इसीलिए इसे गंभीरता से लेना चाहिए। पहले हम इस बीमारी के साथ लड़े है और सारी तैयारी टॉप गियर में करते हुए अलर्ट कर दिया गया है।

# पेट्रोल पंपों को निशाना बना रहे ठग एक महीने में ठगी की छह वारदातें

- अब पुलिस एक वारदात में पकड़े गए दो युवकों को फिर से रिमांड पर लेने की तैयारी में, पंपों पर तेल भरवाकर फरार हो जाते थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ठग इन दिनों पेट्रोल पंपों को निशाना बना रहे हैं। पिछले एक महीने में ऐसे छह वारदातें हो चुकी हैं। ठग पंप मालिकों को चूना लगाकर फरार हो गए। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है। अभी तक कोई ठग पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है। एक वारदात में तो ठग पंप पर काम करने वाले युवक का भी अपहरण कर ले गए थे। हालांकि इस मामले में संलप्ति दो युवकों को पुलिस काबू कर चुकी है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस दूसरी वारदातें सुलझाने के लिए प्रोडक्शन वारंट पर लेने की तैयारी कर रही है।**बिना पैसे दिए फरार हो गए ठग:** साहा थाना में भी मंगलवार को धोखाधड़ी का एक मुकदमा दर्ज किया गया है। स्वफ्टि



अंबाला। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए कार सवार ठग। फोटो : हरिभूमि

डिजायर में आए बदमाश ने शाम साढ़े 5 बजे जय अम्बे फिलिंग स्टेशन महमूदपुर पर भी 15,732 रुपए का तेल भरवाया था। बदमाश बिना पैसे दिए गाड़ी लेकर फरार हो गया था। टोबा के राजबीर ने बताया कि पेट्रोल पंप पर स्वफ्टि डिजायर गाड़ी में एक युवक आया था। युवक ने गाड़ी में रखी 3 कैनी में डीजल भरने को कहा।

# विधायक ने बाढ़ से व्यापक नुकसान का मुद्दा उठाया

- विधायक का आरोप किसी योजना पर काम नहीं हुआ शुरू, सभी योजनाओं के प्रस्ताव मंजूरी के लिए लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

जुलाई महीने में आई बाढ़ की वजह से मुलाना विधानसभा में व्यापक नुकसान हुआ था। विधायक वरुण चौधरी ने विधानसभा में उनके नर्वाचिन क्षेत्र में बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान का मुद्दा उठाया था। इस पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुलाना नर्वाचिन क्षेत्र के अनेक गांवों को बड़े पैमाने पर बाढ़ और जल- भराव की समस्याओं का सामना करना पड़ा। सोलह तत्काल बाढ़ सुरक्षा कार्य 409.62 लाख रुपये लागत से क्षेत्र में आपात स्थिति से निपटने के लिए किए गए। इसके अतिरिक्त 30 अक्तूबर 2023 को आयोजित हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 55वीं बैठक में 1633.91 लाख रुपये की लागत वाली 16 बाढ़ सुरक्षा योजनाओं को मुलाना नर्वाचिन क्षेत्र के लिए प्रस्ताव, विचार और अनुमोदन के लिए रखने की जानकारी दी गई। विधायक ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जवाब पर मीडिया के माध्यम से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने जवाब में बताया कि बाढ़ के समय 16 तत्काल बाढ़ सुरक्षा कार्यों के माध्यम से 409.62 लाख आपात स्थिति से निपटने के लिए मुलाना विधानसभा क्षेत्र में आपात स्थिति से निपटने के लिए खर्च किए गए।



मुलाना। विधानसभा में बोलते मुलाना विधायक। फोटो : हरिभूमि

### स्टोन स्टीनिंग का निर्माण

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 55वीं बैठक में ग्राम बाबाहेड़ी से टांगरी नदी के माध्यम से धनौयोडा तक पाइप डालने का निर्माण किया गया। मारकंडा नदी से ग्राम हरडा, हरडी अंबाला सहारनपुर रेलवे लाइन पर स्टोन स्टड का निर्माण करवाया गया। ग्राम शेरगढ़ की कृषि भूमि की सुरक्षा के लिए अंबाला-सहारनपुर रेलवे लाइन पर 3 स्तरीय स्टोन स्टीनिंग और स्टोन स्टड का निर्माण व मारकंडा नदी से हरडा-हरडी पर ड्रेन गेट की संरचना की गई। ग्राम साबका की आबादी की सुरक्षा के लिए त्रस्तिरीय स्टोन स्टीनिंग का नर्मािण किया गया। मुलाना और मुलाना बांध पर शमशानघाट की सुरक्षा के लिए त्रस्तिरीय स्टोन स्टीनिंग का निर्माण।

### बांध का विस्तार

अंबाला-सहारनपुर रेलवे लाइन की सुरक्षा के लिए तीन स्तरीय स्टोन स्टीनिंग का निर्माण भी करवाया गया। आरडी 400 पर पोपलोथा, खेडा में बांध की सुरक्षा के लिए थ्री टियर स्टोन स्टड का निर्माण हुआ। आरडी 800 पर बांध की सुरक्षा के लिए पोपलोथा खेडा में बांध पर तीन स्तरीय स्टोन स्टीनिंग का निर्माण व गांव शेरगढ़ और हरयोली की कृषि भूमि को मारकंडा नदी के पानी से बचाने के लिए अंबाला सहारनपुर रेलवे लाइन पर स्टोन स्टीनिंग का निर्माण करवाया गया। आरएमबी मार्काना यू/एस अंबाला सहारनपुर रेलवे लाइन रोड 0 से 14000 के डिजाइन अनुभाग में लाना।12. गोला गोली में बांध का स्तर बढ़ाकर ऊंचा उठाने का कार्य किया गया। ग्राम दुखेड़ी से बाढ़ के पानी को जोधा नाले में निकालने के लिए आरसीसी पाइपलाइन बिछाई गई।मारकंडा नदी पर ग्राम हेमा माजरा,घेलड़ी और सोहाना की सुरक्षा के लिए मारकंडा बांध अपस्ट्रीम कर अंबाला सहारनपुर रेलवे लाइन का विस्तार किया गया। गोला गोली गांव में बांध का विस्तार किया गया।

### पहले भी उठा चुके आवाज

जबकि विधायक का कहना है कि इस आपदा के समय सरकार से ज्यादा मुलाना विधानसभा क्षेत्र की जनता ने सामाजिक संस्थाओं व आपसी सहयोग से राशन, पीने के पानी, दवाइयां,पशुओं के चारे व अन्य जरूरी सामान का प्रबंध करने के साथ अपने घरो व खेतों में पानी आने से रोकने के लिए प्रयत्न किए साथ ही अपने संसाधन जुटाकर लोगों के जान-माल की रक्षा की। राऊ माजरा, सोहाता, खानपुरा, पाडलू और डाडलू आदि की सुरक्षा के लिए तंदवाल बांध का विस्तार की 1633.91 लाख रुपए की लागत वाली 16 बाढ़ सुरक्षा योजना को मुलाना नर्वाचिन क्षेत्र के लिए प्रस्ताव विचार और अनुमोदन के लिए रखा गया। विधायक ने कहा कि पहले भी कई बार विधानसभा में बाढ़ सुरक्षा के लिए आवाज उठाई लेकिन कोई कारवाई सरकार द्वारा नहीं की गई। अब भी इतना समय बीत जाने के बाद इन 16 बाढ़ सुरक्षा योजनाओं पर कही कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है।

### पूर्व विधायक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान दिलाई शपथ

# पीएम ने 11 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजबीर बराड़ा ने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज की सुविधा प्रार्थियों को उपलब्ध करवाई गई है। चिरायु कार्ड के माध्यम से भी यह सुविधा दी जा रही है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। मैरिट के आधार पर योग्य युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। किसानों के लिये भी अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग 11 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकालने का काम किया है। पूर्व



अंबाला। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बच्चों के साथ पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा। फोटो : हरिभूमि

विधायक बुधवार को विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा के तहत गांव मोहड़ा व दुखेडी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजबीर बराड़ा ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई।जिला सचिव साहब सिंह मोहड़ी, सीएम विंडो मेंबर सुभाष शर्मा, मंडल अध्यक्ष जसपाल, मंडल महामंत्री शिव कुमार, अनूप सिंह मोहड़ा, धनराज दुखेड़ी, सरपंच मोहड़ा कमलजीत कौर, सरपंच दुखेड़ी राज करण, अमर राणा, घनश्याम, परवेश, नम्बरदार जगजीत सिंह, पूर्व सरपंच अमरजीत, काका सिंह, जगबीर सिंह, प्रवीन शर्मा, बलजीत सिंह, कुलदीप सिंह रंधावा, पंच अजमेर सिंह, दर्शन सिंह पंच, पंच विनोद, पंच सचिन, प्रिंसिपल अंजना बजाज भी यहां मौजूद रहे।

### हर वर्ग के लिए योजनाएं क्रियान्वित

पूर्व विधायक ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि हर वर्ग के लिए योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, यही यात्रा को निकाले जाने का उद्देश्य है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस सपने एवं संकल्प को हमें मिलकर पूरा करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा को लेकर सभी में उत्साह व जोश है। देश व प्रदेश में जनहित के लिए जो भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं उन योजनाओं का लाभ अंतिम छोर में बैठे योग्य व्यक्ति को मिले इसके लिए सरकार कृत संकल्प है। इस दौरान गांव मोहड़ा में 5 आयुष्मान कार्ड, सीमा रानी, सरोज देवी, साहब सिंह व अन्य, 5 लोगों की वृद्धावस्था पेंशन लगी जिनमें अजैब सिंह, अजीत सिंह, राज कुमार व अन्य शामिल हैं।

### गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव को लेकर मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी, चुनाव का रास्ता होगा साफ

**अंबाला।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एचएसजीपीसी) के चुनावों को लेकर मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार हो गया है। दो दिन पहले ही इस ड्राफ्ट को जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही अब समिति के चुनाव की तैयारियां पूरी हो गई है। कमेटी के सदस्य सुदर्शन सिंह सहगल ने बताया कि हरियाणा गुरुद्वारा नर्वाचिन आयुक्त न्यायमूर्ति एचएस भल्ला ने इसकी अधिसूचना जारी की है। इसके तहत मतदाता सूची के प्रारूप से संबंधित एक प्रति उपायुक्तों की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। वहीं इसकी एक प्रति उपायुक्त कार्यालय के अलावा चुनाव, तहसीलदार और पटवारी के कार्यालय में भी उपलब्ध है। अधिसूचना में यह भी जानकारी दी गई है कि अगर कोई भी सिख जो अपेक्षित योग्यता पूरी करता है और उसने अभी अपना नाम हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची में नहीं दर्ज करवाया है, वो 18 दिसंबर से 3 जनवरी 2024 तक अपना नाम दर्ज करवाने के लिए चुनाव अधिकारी को आवेदन कर सकता है और उसी अवधि के बीच में ही मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल की जा सकती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005